**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 3410**
**गुरुवार 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## विमानपत्तनों, हेलीपोर्ट और जल विमानपत्तनों का विकास

**3410. श्री गोडम नागेश:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक देश भर में, विशेषकर तेलंगाना में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल कितने विमानपत्तनों, हेलीपत्तनों और जल विमानपत्तनों को स्वीकृत और प्रचालित किया गया है;
(ख) क्या तेलंगाना में उड़ान योजना के अंतर्गत नए विमानपत्तनों अथवा हवाई पट्टियों को विकसित किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) देश भर में, विशेषकर तेलंगाना में उड़ान योजना के माध्यम से क्षेत्रीय हवाई संपर्क, यात्री यातायात और आर्थिक विकास में सुधार लाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ग): क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़ान के तहत, दिनांक 28.02.2026 तक, 95 असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों (17 हेलीपोर्ट और 2 वाटर एयरोड्रोम सहित) को जोड़ने वाले 663 मार्गों को प्रचालनरत कर दिया गया है। योजना की शुरुआत से अब तक प्रचालनरत हुए हवाईअड्डों की सूची अनुलग्नक में दी गई है।

तेलंगाना राज्य में, आदिलाबाद, एलुरू, बसंतनगर (पेद्दापल्ली) और कागज़पुर हवाईअड्डों को उड़ान दस्तावेज में असेवित हवाईअड्डों की अनंतिम सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा, राज्य में 58 आरसीएस मार्गों को प्रचालनरत किया गया है।

क्षेत्रीय हवाई यात्रा की वहनीयता सुनिश्चित करने के लिए, उड़ान योजना क्षेत्रीय मार्गों पर एयरलाइन प्रचालकों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है जिसमें एयरलाइन परिचालन लागत को कम करने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों और हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा रियायतें और ऐसे मार्गों पर परिचालन लागत और अनुमानित राजस्व के बीच के अंतर को कम करने के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) भी शामिल है। जिन आरसीएस सीटों पर चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को वीजीएफ प्रदान किया जाता है, उन पर हवाई किराया 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए होता है और इसे रियायती दर पर सिमित किया जाता है, जिसका हर तिमाही में सूचकांकन किया जाना होता है। उपर्युक्त उपायों का उद्देश्य विमानन क्षेत्र में वहनीयता, सुगम्यता और समग्र यात्री सुविधा को सुदृढ़ करना है, जिससे क्षेत्रीय विकास और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

<u>अनुलग्नक</u>

**दिनांक 28.02.2026 तक प्रचालनशील 95 आरसीएस हवाईअड्डों की सूची**

| क्र. सं. | राज्य | हवाईअड्डा | प्रचालनशील होने की तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | **आंध्र प्रदेश** | कडपा (अल्पसेवित) | 27-अप्रैल-2017 |
| 2. | | कुरनूल (असेवित) | 28-मार्च 2021 |
| 3. | **अरुणाचल प्रदेश** | तेज़ू (असेवित) | 15-अगस्त-2021 |
| 4. | | पासीघाट (असेवित) | 24-मई 2021 |
| 5. | | होलोंगी (असेवित) | 15-जनवरी-2023 |
| 6. | **असम** | जोरहाट (अल्पसेवित) | 1-अगस्त-2018 |
| 7. | | लीलाबाड़ी (अल्पसेवित) | 15-जनवरी-2019 |
| 8. | | तेजपुर (अल्पसेवित) | 26-अप्रैल-2018 |
| 9. | | रूपसी (असेवित) | 8-मई 2021 |
| 10. | **बिहार** | दरभंगा (असेवित) | 08-नवंबर-2020 |
| 11. | | पूर्णिया (असेवित) | 15-सितंबर-2025 |
| 12. | **छत्तीसगढ़** | जगदलपुर (असेवित) | 14-जून-2018 |
| 13. | | बिलासपुर (असेवित) | 1-मार्च-2021 |
| 14. | | अंबिकापुर (असेवित) | 19-दिसंबर-2024 |
| 15. | **दमन और दीव** | दीव (अल्पसेवित) | 24-फरवरी-2018 |
| 16. | **गुजरात** | भावनगर (अल्पसेवित) | 1-मई-2018 |
| 17. | | जामनगर (अल्पसेवित) | 17-फरवरी-2018 |
| 18. | | कांडला (असेवित) | 1-जुलाई-2017 |
| 19. | | केशोद (असेवित) | 16-अप्रैल-2022 |
| 20. | | मुंद्रा (असेवित) | 17-फरवरी-2018 |
| 21. | | पोरबंदर (अल्पसेवित) | 10-जुलाई-2017 |
| 22. | | स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (पश्चिम) (असेवित) | 31-अक्टूबर-2020 |
| 23. | | साबरमती रिवर फ्रंट (पश्चिम) | 31-अक्टूबर-2020 |

| क्र. सं. | राज्य | हवाईअड्डा | प्रचालनशील होने की तारीख |
|---|---|---|---|
| | | (असेवित) | |
| 24. | **हरियाणा** | हिसार (असेवित) | 14-जनवरी-2021 |
| 25. | **हिमाचल प्रदेश** | शिमला (असेवित) | 27-अप्रैल-2017 |
| 26. | | कुल्लू (अल्पसेवित) | 13-मई-2019 |
| 27. | | मंडी – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 09-दिसंबर-2021 |
| 28. | | रामपुर – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 14-दिसंबर-2021 |
| 29. | | रिकांग पियो - **हेलीपोर्ट** | 21-जनवरी-2026 |
| 30. | | शिमला (संजोली) - **हेलीपोर्ट** | 21-जनवरी-2026 |
| 31. | **झारखंड** | देवघर (असेवित) | 12-जुलाई-2022 |
| 32. | | जमशेदपुर (असेवित) | 31-जनवरी-2023 |
| 33. | **कर्नाटक** | बेलगाम (अल्पसेवित) | 1-मई-2019 |
| 34. | | हुबली (अल्पसेवित) | 14-मई-2018 |
| 35. | | मैसूर (असेवित) | 2-सितंबर-2017 |
| 36. | | विद्यानगर (असेवित) | 21-सितंबर-2017 |
| 37. | | कलबुरबगि (गुलबर्गा) (असेवित) | 22-नवंबर-2019 |
| 38. | | बीदर (असेवित) | 07-फरवरी-2020 |
| 39. | | शिवमोग्गा (असेवित) | 21-नवंबर-2023 |
| 40. | **केरल** | कन्नूर (असेवित) | 25-जनवरी-2019 |
| 41. | **लक्षद्वीप** | अगत्ती (अल्पसेवित) | 18-अप्रैल-2024 |
| 42. | **मध्य प्रदेश** | ग्वालियर (अल्पसेवित) | 31 मई 2017 |
| 43. | | रीवा (असेवित) | 25-नवंबर-2024 |
| 44. | | दतिया (असेवित) | 31-मई-2025 |
| 45. | **महाराष्ट्र** | गोंदिया (असेवित) | 13-मार्च-2022 |
| 46. | | जलगांव (असेवित) | 23-दिसंबर-2017 |
| 47. | | कोल्हापुर (असेवित) | 8-अप्रैल-2018 |

| क्र. सं. | राज्य | हवाईअड्डा | प्रचालनशील होने की तारीख |
|---|---|---|---|
| 48. | | नांदेड़ (असेवित) | 27-अप्रैल-2017 |
| 49. | | ओज़र (नासिक) (असेवित) | 23-दिसंबर-2017 |
| 50. | | सिंधुदुर्ग (असेवित) | 9-अक्टूबर-2021 |
| 51. | | अमरावती (असेवित) | 16-अप्रैल-2025 |
| 52. | **मणिपुर** | जिरीबाम **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 13-मार्च-2024 |
| 53. | | तामेंगलोंग **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 13-मार्च-2024 |
| 54. | **मेघालय** | शिलांग (अल्पसेवित) | 26-अप्रैल-2018 |
| 55. | **नागालैंड** | दीमापुर (अल्पसेवित) | 07-दिसंबर-2019 |
| 56. | **ओडिशा** | झारसुगुड़ा (असेवित) | 22-सितंबर-2018 |
| 57. | | जयपोर (असेवित) | 03-अगस्त-2022 |
| 58. | | राउरकेला (असेवित) | 07-जनवरी-2023 |
| 59. | | उत्केला (असेवित) | 31-अगस्त-2023 |
| 60. | **पांडिचेरी (यूटी)** | पांडिचेरी (अल्पसेवित) | 16-अगस्त-2017 |
| 61. | **पंजाब** | आदमपुर (असेवित) | 1-मई-2018 |
| 62. | | भटिंडा (असेवित) | 27-अप्रैल-2017 |
| 63. | | लुधियाना (असेवित) | 2-सितंबर-2017 |
| 64. | | पठानकोट (असेवित) | 5-अप्रैल-2018 |
| 65. | **राजस्थान** | बीकानेर (असेवित) | 26-सितंबर-2017 |
| 66. | | जैसलमेर (असेवित) | 29-अक्टूबर-2017 |
| 67. | | किशनगढ़ (असेवित) | 8-अक्टूबर-2018 |
| 68. | **सिक्किम** | पाक्योंग (असेवित) | 4-अक्टूबर-2018 |
| 69. | **तमिलनाडु** | सेलम (असेवित) | 25-मार्च-2018 |
| 70. | **उत्तर प्रदेश** | आगरा (अल्पसेवित) | 8-दिसंबर-2017 |
| 71. | | अलीगढ़ (असेवित) | 11-मार्च-2024 |
| 72. | | आजमगढ़ (असेवित) | 11-मार्च-2024 |

| क्र. सं. | राज्य | हवाईअड्डा | प्रचालनशील होने की तारीख |
|---|---|---|---|
| 73. | | बरेली (असेवित) | 08-मार्च-2021 |
| 74. | | चित्रकूट (असेवित) | 12-मार्च-2024 |
| 75. | | मुरादाबाद (असेवित) | 10-अगस्त-2024 |
| 76. | | प्रयागराज (अल्पसेवित) | 14-जून-2018 |
| 77. | | कानपुर (चकेरी) (असेवित) | 3-जुलाई-2018 |
| 78. | | हिंडन (असेवित) | 11-अक्टूबर-2019 |
| 79. | | श्रावस्ती (असेवित) | 12-मार्च-2024 |
| 80. | | कुशीनगर (असेवित) | 26-नवंबर-2021 |
| 81. | **उत्तराखंड** | पंतनगर (अल्पसेवित) | 4-जनवरी-2019 |
| 82. | | पिथौरागढ़ (असेवित) | 17-जनवरी-2019 |
| 83. | | सहस्त्रधारा - **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 08-फरवरी-2020 |
| 84. | | चिन्यालीसौड़ – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 08-फरवरी-2020 |
| 85. | | गौचर – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 08-फरवरी-2020 |
| 86. | | नई टिहरी – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 29-जुलाई-2020 |
| 87. | | श्रीनगर – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 29-जुलाई-2020 |
| 88. | | हल्द्वानी – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 8-अक्टूबर-2021 |
| 89. | | अल्मोड़ा – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 26-अगस्त-2022 |
| 90. | | चंपावत – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 22-फरवरी-2024 |
| 91. | | मुनस्यारी – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 22-फरवरी-2024 |
| 92. | | नैनीताल – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 12-मार्च-2025 |
| 93. | | बागेश्वर – **हेलीपोर्ट** (असेवित) | 12-मार्च-2025 |
| 94. | **पश्चिम बंगाल** | कूच बिहार (असेवित) | 21-फरवरी-2023 |
| 95. | | दुर्गापुर (अल्पसेवित) | 25-जून-2019 |

******